30 June 2025_Copy of Layout 1 6/30/2025 3:26 PM Page 1


दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*




पेज-07


RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:18 | अंक: 01 | देहरादून, सोमवार 30 जून, 2025 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### एमडीडीए ने नदियों के किनारे रह रहे लोगों को सचेत रहने को कहा



**देहरादून।** प्रदेश में मौसम विभाग द्वारा जारी भारी बरसात को देखते हुए उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत नदी किनारे निर्मित भवनों की जांच करने के निर्देश दिए तथा वहां रह रहे लोगों को भी सचेत करने हेतु समस्त अधिकारियों को भी निर्देश दिये। जिस पर अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण किया गया।

### उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक मानसून पूरी तरह सक्रिय

**देहरादून।** उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक मानसून पूरी तरह सक्रिय है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में जमकर बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे के भीतर प्रदेश के सभी जनपदों में अच्छी बारिश दर्ज हुई ,सबसे अधिक वर्षा जॉलीग्रांट में 116.5 मिमी , मोहकमपुर में 80.5 मिमी ,आशारोड़ी में 35 मिमी सहित विभिन्न इलाकों में तेज बारिश रिकार्ड की गई।
मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून द्वारा जारी लेटेस्ट मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक आज 28 जून शनिवार को उत्तराखंड राज्य के सभी जनपदों में गरज– चमक के साथ तेज बारिश की संभावना है। कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।
मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक आज शनिवार 28 जून को उत्तराखंड राज्य के बागेश्वर जिले में कहीं–कहीं गर्जन के साथ भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, उधम सिंह नगर, नैनीताल और चंपावत जिले में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है।

# मुख्यमंत्री ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि का लिया जायजा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को आईटी पार्क, स्थित उत्तराखण्ड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही वर्षा की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मानसून के दृष्टिगत आगामी दो माह तक शासन और प्रशासन के अधिकारियों को 24 घण्टे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये हैं। मानसून अवधि के दौरान अधिकारियों को नियमित रूप से ग्राउंड पर रहकर सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा पर आये सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि संबंधित जिलाधिकारियों को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए भोजन, दवाइयों और बच्चों के लिए दूध और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बारिश की सम्भावनाओं के दृष्टिगत और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए अगले 24 घंटे के लिए चारधाम यात्रा को रोका गया है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि नदियों और गदेरे के आस–पास रह रहे और आपदा




अतिवृष्टि को लेकर अधिकारियों को दिशा–निर्देश देते सीएम।

### मानसून के दृष्टिगत दो माह तक 24 घण्टे अलर्ट मोड पर रहने के अधिकारियों को दिये निर्देश

की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों पर रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिन क्षेत्रों में निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां पर लोग सुरक्षित स्थानों पर हों। मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी के तहसील बड़कोट क्षेत्र में बादल फटने की वजह से मिसिंग मजदूरों के सर्च और रेस्क्यू अभियान में और तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। 29 मजदूरों में से 20 को सुरक्षित निकाल लिया गया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन का सर्च अभियान जारी है, दो शवों को निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि रूद्रप्रयाग में हुए वाहन दुर्घटना में जो लोग अभी लापता हैं, उनकी खोजबीन कार्यों में और तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी जनपदों में गर्भवती महिलाओं की डाटा बेस बनाया जाए।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## भारी बरसात के कारण कारगी ग्रांट क्षेत्र में नदी किनारे बने दो मकान गिरे

**देहरादून।** भारी बारिश के चलते रविवार को कारगीग्रांट क्षेत्र में नदी के किनारे बने दो मकानों के ढह गए। सूचना पर कोतवाली पटेल नगर से पुलिस बल तथा फायर सर्विस की टीम तत्काल मौके पर पहुँची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घटना की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अधीनस्थ अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित पुलिस बल तथा फायर सर्विस के जवानों को



आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से एसएसपी देहरादून ने आसपास के मकानों को खाली कराने तथा मौके पर भीड़ नियंत्रित के लिए समुचित संख्या में पुलिस बल को नियुक्त करने के निर्देश दिए गए, जिससे किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है तथा मौके पर 2 मकान ढह गये है तथा पास स्थित 2 मकानों में दरार आयी है।

# उत्तराखंड में यहां नदी में मछलियां पकड़ने को उमड़ा हुजूम, ढोल-नगाड़ों पर झूमे लोग

**टिहरी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजशाही के जमाने से मनाया जाने वाला मौण मेले का पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। ढोल–दमाऊं की थाप पर महिला व पुरुषों ने सामूहिक से रूप तांदी नृत्य किया।

जौनपुर ब्लॉक का प्रसिद्ध ऐतिहासिक राज मौण मेले में क्षेत्र के लोगों ने वाद्ययंत्रों के साथ अगलाड़ नदी में मछली पकड़ने के साथ मनाया। क्षेत्र के 16 गांव के लोगों ने टिमरू का पाउडर (मौण) नदी में डाला, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मछली पकड़ने नदी में उतरे।



मौण मेले में मछलियां पकड़ते लोग।

राजशाही के जमाने से मनाया जाने वाला मौण मेले का पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। ढोल–दमाऊं की थाप पर महिला व पुरुषों ने सामूहिक से रूप तांदी नृत्य किया।

करीब दो बजे दोपहर को ग्रामीणों ने मिलकर अगलाड़ नदी में टिमरू का पाउडर (मौण) डाला। मौण को नदी में डालते ही सैकड़ों की संख्या में लोग मछली पकड़ने नदी में उतर गए, लेकिन तेज बारिश व पानी के तेज बहाव के कारण लोग कम मात्रा में मछली पकड़ पाए।

बारिश के कारण गत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष कम लोग मौण मेले में पहुंचे। मौण मेला समिति के अध्यक्ष महिपाल सजवाण ने बताया कि टिमरू के पाउडर से मछलियां कुछ देर के लिए बेहोश होती है। इसी दौरान लोग मछलियों को पकड़ते हैं। टिमरू के पाउडर से मछलियों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचता है। मौण मेले में सात पट्टियों के लोगों की मुख्य भूमिका है। प्रत्येक साल एक ही पट्टी के लोगों को मौण तैयार करने की जिम्मेदारी दी जाती है। इस वर्ष नदी में मौण डालने की जिम्मेदारी छज्यूला पट्टी के बंग्लों की कांडी, सैंजी, कांडीखाल, भटोली, चम्या, बनोगी, गांवखेत, भेडियान, घंडियाला, सरतली, कसोन, कांडा, रणोगी, तिमलियाल, पाली कुणा गांव की थी। मौण मेले के लिए गांव के प्रति परिवारों द्वारा टिमरु का पाउडर तैयार करना होता है।

30 June 2025_Copy of Layout 1 6/30/2025 3:26 PM Page 2



# संपादकीय

## भारत से युद्ध लड़ने की कला सीखने की जरूरत

पाकिस्तान, चीन और तुर्किए जैसे देश ये बयान सुनकर अपना मुंह छुपा लेंगे। भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर पर जिन दो देशों ने बयान दिया है, उनमें से पहला थाईलैंड और दूसरा यूरोपीय देश ग्रीस है। भारतीय सेना की ताकत और युद्ध लड़ने की क्षमता पर दो देशों की तरफ से बहुत बड़ा बयान आया है। इन दो देशों ने भारतीय सेना पर बहुत बड़ा खुलासा कर दिया है। एक देश ने तो कहा है कि हमें भारतीय सेना ने सीखना चाहिए कि युद्ध कैसे लड़ा जाता है। वहीं दूसरे देश का कहना है कि भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर आधुनिक युद्ध का मास्टरक्लास उदाहरण है। ये दोनों बड़े बयान भारत के लिए बहुत बड़े सम्मान और गर्व की बात हैं। लेकिन पाकिस्तान, चीन और तुर्किए जैसे देश ये बयान सुनकर अपना मुंह छुपा लेंगे। भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर पर जिन दो देशों ने बयान दिया है, उनमें से पहला थाईलैंड और दूसरा यूरोपीय देश ग्रीस है। थाईलैंड की वायु सेना ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर को आधुनिक युद्ध का मास्टरक्लास बताया है। उन्होंने कहा कि जो भारतीय वायु सेना ने किया वो केवल युद्ध नहीं बल्कि एक रणनीतिक क्रांति थी। पाकिस्तान हिल गया, थर्रा उठा और थाईलैंड तालियां बजा रहा है। रॉयल थाई फोर्स ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक युद्ध का मास्टरक्लास लग रहा है। थाईलैंड के वायुसेना मुख्यालय में एक उच्चस्तरीय क्रॉन्फेंस हुई जहां आरटीएफ के डिप्टी एयर चीफ सोमई लिलिथम ने खुल कर भारत की तारीफ की है। उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना ने कैसे एक साथ नौ आतंकी ठिकानों और पाकिस्तान के 11 एयरबेस को गहराई में जाकर तबाह किया और वो भी बिना एक भी पायलट को खोए हुए। थाईलैंड ने माना कि भारत ने मल्टीलेयर एयर डिफेंस, साईबर ऑपरेशन और डीप स्ट्राइक रणीनीति का ऐसा संगम दिखाया है, जो दुनिया में विरले ही देखने को मिलता है। इजरायल और ईरान युद्ध ने तुर्किए के सबसे बड़े दुश्मन ग्रीस को टेंशन में डाल दिया है। यहां सबसे बड़ी बात ये है कि तुर्किए, ग्रीस और भारत दोनों का दुश्मन है। ग्रीस के एक्सपर्ट्स एक ग्रीस की सरकार ये सोचती है कि भविष्य में उसे किसी युद्ध में फंसना नहीं है पड़ेगा तो वो ग्रीस की सरकार का भोलापन है। ग्रीस के एक बड़े अखबार ग्रीस सिटी टाइम्स ने कहा है कि उसके देश को भारत से आधुनिक युद्ध की कला सीखने की जरूरत है।

# वर्षों से मानसून में नासूर बना आईएसबीटी ड्रेनेज का किया गया स्थायी समाधान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिलाधिकारी सविन बंसल के दिशा निर्देशन में देहरादून आईएसबीटी के सेंट जूड चौक एरिया में बनी स्मार्ट सिटी स्ट्रांम वॉटर ड्रेन की वजह से इस बार भारी बारिश के बावजूद भी पूरे एरिया में कोई जल भराव नहीं हो रहा है। वर्षों से यहां पर हल्की बरसात में ही बहुत अधिक पानी भर जाता था। यहां से गुजरने वाले हर राहगीरों के लिए यहां पर जलभराव नासूर बना रहता था। मानसून में मुसीबत बने आईएसबीटी ड्रेनेज का अब स्थायी समाधान होने पर स्थानीय लोगों ने प्रसन्नता जताई है।



आईएसबीटी ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करते हुए।

सीएम की प्रेरणा से जिला प्रशासन ने निर्माण कार्यों में आने वाली हर अढचन को दूर कराते हुए आईएसबीटी में ड्रेनेज व सीवरेज के कार्य पूर्ण किए। कोर कमेटी और तकनीकि विशेषज्ञ के साथ जलभराव की समस्या पर मंथन करते हुए जिला प्रशासन ने इसका हल निकाला। सभी 15 चौंबर, ढक्कन, रोड ब्लैकटाप, विद्युत लाइन भूमिगत, ड्रेनेज–सीवरेज लाइन की सफाई भी कराई। बेहतर प्लानिंग, डिजाइन और डारेक्शन से जिला प्रशासन ने इस प्रोजेक्ट को पूरा कराया। वर्षों से बरसात में नासूर बना ॅठज ड्रेनेज का स्थायी समाधान होने से जनमानस को बहुत राहत मिली है। जिलाधिकारी ने इस समस्या के समाधान के लिए रेग्युलर मानिटरिंग और टाप प्रायोरिटी के साथ ड्रेनेज कार्यो को बरसात से पहले पूरा कराया। यहां पर सभी नालियां साफ कराते हुए नालियों में बड़े ह्यूम पाइप डालवाए गए ताकि बारिश में पानी न भरे। निर्माण कार्यो के दौरान नालियों से बहुत ही ज्यादा गंदगी, टनो के टन कूड़ा निकला था। उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी को बतौर सुपरवीजन के लिए मौके पर तैनात रखा था।

आईएसबीटी में जलभराव की समस्या दूर होने से आम जनता एवं यात्रियों को अब परेशानी का सामना नहीं करना पडेगा। राजधानी देहरादून में सुगम सुविधा मुहैया कराने में जिलाधिकारी सविन बंसर हर स्तर के कार्यो को धरातल पर उतार रहे है और मुख्यमंत्री के संकल्प को सिद्धि तक ले जाने का काम कर रहे है। जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी बजट में योजना के निर्माण के साथ ही ड्रेनेज व सीवरेज सिस्टम का रखरखाव का प्राविधान भी किया है।

# नारीवाद नेतृत्व को ,एक प्रमुख सिद्धांत के रूप में स्थापित करना ज़रूरी



## बहुपक्षीय एजेंडे को आकार देने वाले व प्रमुख निर्णय लेने और नेतृत्व के पदों पर महिलाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व का मैं समर्थक हूं

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि पूरी दुनियाँ में ऐतिहासिक रूप से कूटनीति पुरुषों का ही आधिपत्य रहा है, महिलाओं ने सदियों से कूटनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है,फिर भी उनके योगदान को अक्सर नजरअंदाज कर दिया गया है,जो रेखांकित करने वाली बातहै। रविवार 22 जून 2025 को मीडिया के हर प्लेटफार्म पर हमने देखे कि अमेरिका ने ईरान में करीब तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया जिससे तीसरे विश्व युद्ध का आगाज होने की संभावना बढ़ गई है, वर्तमान में हम देख रहे हैं कि सभी युद्धों में शीर्ष नेतृत्व में पुरुषों का ही बोलबाला है जबकि हाल ही में भारत–पाकिस्तान तनाव में सैन्यप्रवक्ता के रूप में एक महिला पूरी जानकारी दे रही थी।

बहुपक्षीय एजेंडे को आकार देने वाले व प्रमुख निर्णय लेने और नेतृत्व के पदों पर महिलाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व का समर्थक हूं ।2014 के आंकड़ों केमुताबिक 143 देशों ने अपने संविधान में पुरुषों व महिलाओं को समानता की गारंटी दी है, परंतु 52 देशों में अभी भी इस असमानता को मिटाना है। एक अध्ययन के अनुसार 1992 से 2019 में शांति प्रक्रिया में सिर्फ 13 परसेंट मध्यस्तता में 6 पेर्सेंट व हस्ताक्षर में केवल 6 पेर्सेंट महिलाएं ही शामिल हुई है महिला व पुरुषों के कूटनीति राजनीति व सैन्य पदानुक्रमों सहित अनेकों क्षेत्रों में भारी असमानता को रेखांकित करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 जून 2022 को अपने संकल्प क्रमांक 76ध्269 में पारित किया कि प्रति वर्ष 24 जून को कूटनीति में महिलाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाएगा।पिछले वर्ष 2024 में सुबह 11रू30 से 1 तक ट्रस्टीशिप काउंसिल चौंबर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में बहुपक्षीय कूटनीति से महिला नेतृत्व थीम के साथ कार्यक्रम आयोजित हुआ था जो इस वर्ष भी इस थीम के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महासभा के अध्यक्ष व महासचिव सहित अनेकों पदाधिकारी भाग ले रहे हैं,

जिसमें कूटनीति राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व नेतृत्व को बढ़ाने के लिए जनजागरण कर प्रोत्साहित किया जा रहा है, वक्ताओं द्वारा बताया गया कि, दुर्भाग्य से, अंतर्राष्ट्रीय निकायों, राजनयिक कोर, मानवाधिकार संगठनों और अन्य प्रमुख बहुपक्षीय स्थानों सहित निर्णय लेने के सभी स्तरों पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व अभी भी कम है। निचले स्तरों पर लाभ के बावजूद महिलाएँ केवल 13 प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का नेतृत्व करती हैं। और, जैसा कि हमने सुना है, हमने अभी तक संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के रूप में शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति स्थान पर एक महिला को चुना हुआ नहीं देखा है।डेटा इस बात पर प्रकाश डालता है कि दुनियाँ भर में केवल 20 प्रतिशत राजदूत महिलाएँ हैं, और 2022 में शांति वार्ता प्रतिनिधिमंडल में केवल 16 प्रतिशत प्रतिभागी महिलाएँ थीं। वर्तमान दर पर, हम 130 वर्षों तक लैंगिक समानता प्राप्त नहीं कर सकते हैं। दुनियाँ की आधी से अधिक आबादी 30 वर्ष से कम आयु की है, सभी लड़कियों और युवा महिलाओं को नागरिक और राजनीतिक नेताओं के रूप में सेवा करने के लिए सशक्त और प्रेरित करना सकारात्मक बदलाव का एक महत्वपूर्ण साधन है। 2023 में, संयुक्त राज्यअमेरिका ने नागरिक और राजनीतिक जीवन में सभी लड़कियों और युवा महिलाओं की सार्थक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए वैश्विक लड़कियों की नागरिक और राजनीतिक भागीदारी पर पहली बार यू.एस. रणनीति जारी की। आज जब हम कूटनीति में पहले से ही शामिल महिलाओं का जश्न मना रहे हैं, तो हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हम कूटनीति में कल की महिलाओं को भी सशक्त बना रहे हैं।यह दिवस उन तरकीबों को पहचानें व उन तरीकों को अपनाने का दिन है जिसमें महिलाएं बाध्यताओं को तोड़ रही है और कूटनीति के क्षेत्र में बदलाव ला रही है। चूँकि शांति, सुरक्षा, सतत विकास और सभी के लिए मानवाधिकार हासिल करने में महिलाओं की इक्वल भागीदारी अनिवार्य होना समय की मांग है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कूटनीति में महिलाओं का 3 रा अंतर्राष्ट्रीय दिवस 24 जून 2025, कूटनीतिक राजनीतिक व सैन्य पदानुक्रम में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की कमी है, नारीवाद नेतृत्व को एक प्रमुख सिद्धांत के रूप में स्थापित करने की अत्यंत सख्त तात्कालिक जरूरत है।

साथियों बात अगर हम यह दिवस मनाने स्थापना और उद्देश्यों की करें तो,कूटनीति में महिलाओं का अंतर्राष्ट्रीय दिवस की स्थापना 2022 साल में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र में की गई थी,जो14 सितंबर, 2021 को शुरू हुआ और 13 सितंबर, 2022 को समाप्त हुआी ।यूएएनजीए ने 20 जून, 2022 को प्रस्ताव पारित किया, इसने माना कि 2030 एसडीजी लक्ष्य के हिस्से के रूप में, कूटनीति में महिलाओं के योगदान को उजागर करते हुए, निर्णय लेने में महिलाओं की समान भागीदारी की आवश्यकता एक महत्वपूर्ण आवश्यकता थी, इस उद्देश्य से यूएएनजीए ने 24 जून को कूटनीति में महिलाओं का अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया, इस दिन का उद्देश्य वैश्विक कूटनीति में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचान देना और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2022 में इस दिन को आधिकारिक मान्यता दी गई थी। महिलाओं ने वर्षों से वैश्विक शांति, सुरक्षा, मानवाधिकार और विकास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, फिर भी उन्हें कूटनीति के उच्च स्तरों पर अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है ।यह दिवस महिलाओं को कूटनीति के क्षेत्र में समान अवसर और नेतृत्व के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर दुनिया भर में संगोष्ठियाँ, पैनल चर्चा और सम्मान समारोह आयोजित किए जाते हैं। यह दिन न केवल महिलाओं के अधिकारों की वकालत करता है, बल्कि विविधता और समावेश की भावना को भी मजबूत करता है। यह एक समतामूलक और टिकाऊ भविष्य की दिशा में प्रेरणा देता है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

30 June 2025_Copy of Layout 1 6/30/2025 3:26 PM Page 3



# दिव्यांगजनों की चिकित्सा सुविधा के लिए कोरोनेशन अस्पताल में जल्द बनेगा 'विशेष स्टेट रेफरल सेंटर'

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार में जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) की प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में जनपद के दिव्यांगजनों की समस्याओं और कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। दिव्यांगजनों की चिकित्सा सुविधा के लिए कोरोनेशन अस्पताल में 'विशेष स्टेट रेफरल सेंटर' बनाया जाएगा। भूमि न मिलने के कारण 10 वर्षो से यह मामला अधर में लटका था। पहली ही बैठक में डीएम ने इसका संज्ञान लेते हुए स्टेट रेफरल सेंटर के लिए त्वरित कार्यवाही करते हुए एस्टीमेट गठन और कार्यदायी संस्था चयन के निर्देश दिए। डीएम के प्रयासों से पूर्व में 14 अनाथ बौद्धिक अक्षम दिव्यांग बालिकाओं को नया उच्च स्तरीय आशियाना भी मिल चुका है। इन बालिकाओं को बंद होने जा रही सत्य साईं आश्रम से राफेल होम संस्था में विधिवत् दाखिल कराया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि चकराता ब्लाक में छूटे 208 लोगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर लगाए जाए। दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायता उपकरण वितरण हेतु शिविरों का व्यापक प्रचार प्रसार करें। विशेष सर्वेयर रखते हुए चकराता के बाद अब रायपुर व डोईवाला ब्लाक में भी दिव्यांगजनों का सर्वे करें। डीएम ने कहा कि हर दिव्यांग को सरकारी योजना का लाभ मिले। दिव्यांगजनों का कौशल विकास में सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए।



जिलाधिकारी बैठक लेते हुए।

दिव्यांगजनों को विभिन्न चिकित्सा सुविधा के लिए ''विशेष स्टेट रेफरल सेंटर'' की स्थापना के लिए भूमि न मिलने के कारण वर्ष 2014 से मामला अधर में लटका हुआ था। जबकि भारत सरकार से उस समय 56 लाख की धनराशि भी आवंटित की गई थी, जो वर्तमान में ब्याज सहित 80 लाख हो चुकी है। जिलाधिकारी के संज्ञान में मामला आने पर उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को भारत सरकार की राष्ट्रीय दिव्यांगजन पुर्नवासन योजना (एनपीआरपीडी) के अंतर्गत दिव्यांगजनों को विभिन्न चिकित्सीय सुविधा के लिए कोरोनेशन अस्पताल में ''विशेष स्टेट रेफरल सेंटर'' स्थापित करने हेतु अविलंब प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इसके लिए ब्लड बैंक भवन के ऊपर एक मंजिल का निर्माण किया जाएगा। बताते चले कि ''विशेष स्टेट रेफरल सेंटर'' में मूक व बधिर श्रेणी के दिव्यांगजनों के लिए आडियोमेट्री यूनिट, मानसिक दिव्यांगों के लिए आईक्यू टेस्टिंग यूनिट और शारीरिक रूप से अक्षम दिव्यांगों के लिए फिजियोथेरेपी यूनिट स्थापित की जाएगी। इसके अलावा स्टेट रेफरल सेंटर एक स्पेशलाइज्ड रिसोर्स सेंटर की तरह काम करेगा।

## मेयर बाली के नेतृत्व में चला नगर निगम का बुलडोजर, हटाया अतिक्रमण

**काशीपुर।** मेयर दीपक बाली के नेतृत्व में नगर निगम काशीपुर की टीम ने खड़कपुर देवीपुरा रोड पर पूर्व में चिन्हित किए गए अतिक्रमण स्थलों में से कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया, जो कि नाली की जल निकासी व्यवस्था को प्रभावित कर रहे थे। अतिक्रमण हटाने के पश्चात संबंधित क्षेत्रों में नालियों से सिल्ट एवं कचरे की सफाई की गई, जिससे नाली में जल का प्रवाह पुनः सुचारू रूप से शुरू हो गया और साफ किए गए क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था सामान्य रूप से कार्य करने लगी।

यह कार्य सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज बिष्ट, स्वच्छ भारत मिशन के परियोजना प्रबंधक एहतेशाम, पीएमयू प्रतिनिधि जुबैद, पर्यवेक्षक राजेश एवं रिंकू तथा नगर निगम की टीम की देखरेख में किया गया। यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है तथा शेष चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने का कार्य आज शाम को फिर से नगर निगम की टीम करेगी।

# धाकड़ धामी ने तोड़ा भाजपाई मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल का रिकार्ड

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड की सत्ता में अक्सर चेहरे बदलते रहे, लेकिन इस बार कहानी कुछ और है। पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा में अब तक का सबसे लंबा मुख्यमंत्री कार्यकाल पूरा कर लिया 3 साल 358 दिन।

ये आंकड़ा अब सिर्फ गणना नहीं रहा, बल्कि एक संदेश है। प्रदेश की राजनीति अब स्थिरता की तरफ बढ़ी है। धामी ने 3 साल 358 दिन का कार्यकाल पूरा कर त्रिवेन्द्र सिंह रावत (3 साल 357 दिन) का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा। इसके साथ ही वे उत्तराखंड के इतिहास में दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं। पहले स्थान पर कांग्रेस के पं. नारायण दत्त तिवारी हैं, जिन्होंने 2002 से 2007 तक का कार्यकाल पूरा किया था। धामी का यह कार्यकाल कई अहम निर्णयों के लिए याद किया जाएगा। नकल विरोधी कड़ा कानून, धर्मांतरण पर नियंत्रण, भूमि कानून में बदलाव और यूसीसी लागू करने की पहल उनके शासन के प्रमुख पड़ाव रहे। राजनीतिक अस्थिरता के लंबे दौर के बाद यह रिकॉर्ड प्रदेश की राजनीति में स्थिरता का संकेत भी है। बता दें कि साल 2022 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में बीजेपी लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत से जीती थी। इस चुनाव में पुष्कर सिंह धामी सीएम होते हुए भी खटीमा से हार गए थे। फिर भी बीजेपी ने पुष्कर सिंह धामी पर भरोसा जाता और उन्हें दूसरी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया।

# खेल पर्यटन का तीर्थ बना उत्तराखंडः मंत्री रेखा आर्या

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने रविवार को 42वी नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप और 28वीं नेशनल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप का समापन किया। रोशनाबाद के वंदना कटारिया स्टेडियम में उन्होंने पदक विजेताओं को पदक पहनकर सम्मानित किया।

इन प्रतियोगिताओं में 18 राज्यों से आए कुल 700 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि धार्मिक पर्यटन के बाद अब उत्तराखंड खेल पर्यटन का भी तीर्थ बन गया है। उन्होंने कहा कि बीते तीन दिनों में चार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का उद्घाटन और समापन उन्होंने किया है। इससे स्पष्ट है कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ–साथ अब खेल भूमि बन रहा है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि खेल अनुशासन, प्रतिबद्धता,



ताइक्वांडो प्रतियोगिता के प्रतिभागी खेल मंत्री के साथ मे।

ईमानदारी और समर्पण जैसे जीवन मूल्य भी सिखाता हैं। उन्होंने कहा कि जिन खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीते हैं आगे चलकर वही देश के लिए भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतेंगे। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि भारत सरकार के प्रयासों से बहुत संभव है कि 2036 ओलंपिक का आयोजन भारत में हो, खिलाड़ियों को इसके लिए अभी से लक्ष्य बनाकर तैयारी में जुट जाना चाहिए। इस अवसर पर फादर ऑफ ताइक्वांडो इन इंडिया डा. जिमी आर जगत्यानी, निदेशक ताइक्वांडो फेडरेशन आफ इंडिया पीटर जगत्यानी, जिला खेल अधिकारी शबाली गुरुंग, देवभूमि उत्तराखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार, महासचिव राहुल धीमान, तकनीकी निदेशक मनोज त्यागी, आनंद भारती, जितेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पैनेसिया सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने आयोजित किया स्वास्थ्य परामर्श शिविर, लोगों ने कराया स्वास्थ्य जांच

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पैनेसिया सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जेपी वेडिंग प्लेस, कैमरी दूधली रोड, देहरादून में आयोजित कि गई।

इस शिविर में 100 से अधिक स्थानीय लोगों ने अपना निशुल्क स्वास्थ्य जांच कराया और दवाइयां प्राप्त की। इस स्वास्थ्य शिविर में मुख्य सहयोगी के रूप में वीर गोर्खा कल्याण समिति ने अपना सहयोग दिया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया एवं अपनी जांच करवाई।



स्वास्थ्य शिविर में पंजीकरण कराते लोग।

पैनेसिया सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डॉक्टर रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर हम विभिन्न जिलों में नियमित रूप से करवा रहे हैं ताकि लोगों को उच्च गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ सके। खासकर बरसात की शुरुआती दिनों में मौसम के उतार–चढ़ाव से हर वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां होती रहती है, शहर के नजदीक लोगों के पास अनेक सुविधाएं होती है परंतु शहर से दूर दराज के क्षेत्रों में जो लोग रहते हैं उन्हें उस तरह की सुविधा नहीं मिल पाती हैं। उन्होंने कहा अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य शिविर में आए हुए सभी लोगों को स्वास्थ्य जांच के लिए कूपन दिया गया है जिसमें ओपीडी बिल्कुल निशुल्क होगा, वहीं वीर गोरख कल्याण समिति की ओर से स्वास्थ्य शिविर में आए हुए सभी डॉक्टरों को सम्मानित किया गया जो कि हमारे लिए एक गर्व की बात है, मैं वीर गोरख कल्याण समिति को इस सहयोग के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद करता हूं। इस शिविर में पैनेसिया सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कि ओर से डॉ. आर सी रावत, डॉक्टर प्रकाश, डॉक्टर भूमिका, गौरव कांत जायसवाल एवं वीर गोरख कल्याण समिति की ओर से अध्यक्ष कमल थापा, महासचिव विशाल थापा एवं कोषाध्यक्ष टेकू थापा मौजूद रहे।

# प्रदेश में सड़कों के निर्माण के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस के मानक ठीक किये जायें: महाराज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सड़क निर्माण में वन विभाग की मंजूरी के जो मानक पीएमजीएसवाई में लागू हैं वही लोक निर्माण विभाग में भी लागू किए जाने चाहिएं। जिससे प्रदेश में लोक निर्माण विभाग की सड़कें बगैर किसी रुकावट के आसानी से बन सकें। इसके लिए लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग और वन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से ठोस कदम उठाने के साथ–साथ पर्यटन कि दृष्टि से बंद ट्रैक रुटों को खोलना के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

उक्त बात प्रदेश के पर्यटन एवं लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को सुभाष रोड़ स्थित अपने कैम्प कार्यालय में लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण के समय वन विभाग को फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए दुगनी सिविल भूमि दी जाती है, जबकि पीएमजीएसवाई में सड़क निर्माण के समय वन विभाग को भूमि क्षतिपूर्ति के रूप में कोई भूमि नहीं दी जाती बल्कि रिजर्व फॉरेस्ट में ही अधिग्रहित भूमि के लिए समतुल्य भूमि का पीएमजीएसवाई द्वारा वनीकरण किया जाता है। जिस कारण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क शीघ्र और आसानी से बन जाती हैं जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा दुगुनी भूमि की अनुपलब्धता होने पर सड़क निर्माण की प्रक्रिया में विलंब होता है। इसलिए सड़क निर्माण में वन विभाग की मंजूरी के जो मानक पीएमजीएसवाई में लागू है वही लोक निर्माण विभाग में भी लागू किए जाएं। जिससे लोक निर्माण विभाग बिना किसी रुकावट के आसानी से सड़कों का निर्माण कर सके।


कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज बैठक लेते हुए।

पर्यटन एवं लोक निर्माण मंत्री श्री महाराज ने बैठक के दौरान अधिकारियों को बताया कि उन्होंने इस संबंध में हाल ही में केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव के देहरादून आगमन के समय में हुई मुलाकात के दौरान भी उनके सामने इस समस्या के समाधान के लिए कहा है।

लोक निर्माण एवं पर्यटन मंत्री श्री महाराज ने लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्हें यह भी निर्देश दिए कि उत्तराखंड के बुग्यालों में माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा कैंपिंग करने पर रोक लगा दी गई है उसे हटाने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि चमोली में वाण से रूपकुंड और घेस से बगजी ट्रैक दोनों ट्रैक जो कि बद्रीनाथ वन प्रभाग के अंतर्गत आते हैं उनको और नंदा देवी ट्रैक को खोलने के प्रयास करने के साथ साथ चोपता में टेंट लगाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## दून में डेंगू के मरीजों की संख्या पहुंची 141

**देहरादून।** जिले में डेंगू के पांच नए मरीज मिले हैं। इन मरीजों को श्रीमहंत इंदिरेश अस्पताल और ग्राफिक एरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरीजों की संख्या बढ़कर 141 पहुंच गई है। उधर, 74 घरों में डेंगू वायरस का लार्वा भी मिला, जिसे नष्ट कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि डेंगू के नियंत्रण के लिए जिले की सभी चिकित्सा इकाइयां जुटी हुई हैं। सभी इलाकों में लार्वा साइडर के छिड़काव और फॉगिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

मानसून के बीच डेंगू का प्रकोप भी बढ़ रहा है देहरादून में हो रही बारिश के बीच डेंगू के पांच नए मरीज मिले हैं। इनमें तीन श्री महंत इंद्रेश अस्पताल, एक मरीज एम्स ऋषिकेश, जबकि एक मरीज हिमालयन इंस्टीट्यूट जोलीग्रांट में भर्ती है। अभी तक डेंगू की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 8173 सैंपल कलेक्ट किए जा चुके हैं। देहरादून जिले में अब तक 138 मामले रिपोर्ट हुए हैं।

## चंपावत जिले में रात में वाहनों की आवाजाही बंद, लापरवाही पर नपेंगे थाना व चौकी प्रभारी

**चंपावत (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मानसून सीजन व भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए चंपावत जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर रात में यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही कब तक यात्रा बंद रहेगी, इसको लेकर सूचना जारी कर दी गई है। प्रतिबंधित अवधि में किसी भी दुर्घटना या अवैध वाहन संचालन की स्थिति में संबंधित थाना, चौकी प्रभारी पूरी तरह उत्तरदायी होंगे।

मानसून के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन व पुलिस ने टनकपुर घाट राष्ट्रीय राजमार्ग–9 पर 1 जुलाई से अग्रिम आदेशों तक रात्रि कालीन वाहनों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी टनकपुर वंदना वर्मा ने ने बताया कि यह निर्णय संवेदनशील मार्गों पर भूस्खलन, दुर्घटनाओं एवं अन्य आपदा जनित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सीओ वंदना वर्मा ने बताया चंपावत से घाट की ओर रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 4:00 बजे तक, बनलेख से टनकपुर की ओर रात्रि 9:00 बजे से प्रातः 5:00 बजे तक, ककराली गेट से चंपावत की ओर रात्रि 8:00 बजे से प्रातः 5:00 बजे तक वाहनों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। आपातकालीन स्थिति में ही वाहनों को संचालन की अनुमति दी जाएगी। आदेशों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रतिबंधित अवधि में किसी भी दुर्घटना या अवैध वाहन संचालन की स्थिति में संबंधित थाना,चौकी प्रभारी पूरी तरह उत्तरदायी होंगे।

## अमर शहीद मेजर भूपेंद्र कंडारी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के हाथीबड़कला में अमर शहीद मेजर भूपेन्द्र कण्डारी की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान उन्होंने शहीद के पिता गजेंद्र कंडारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।

शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड वीरों और देशभक्तों की भूमि है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शहीदों को सामाजिक सम्मान दिलाने के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के इतिहास में पहली बार 1734 शहीदों के आंगन से पवित्र माटी एकत्र कर सैन्यधाम में लाई गई, साथ ही 28 पवित्र नदियों का जल भी एकत्र किया गया। उन्होंने


शहीद मेजर भूपेन्द्र कण्डारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

कहा कि सैन्यधाम का निर्माण अंतिम चरण में है और जल्द ही इसका लोकार्पण किया जाएगा। मंत्री जोशी ने यह भी कहा कि अब शहीदों की स्मृति में स्मारक और द्वारों का निर्माण सैनिक कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र में अपने निजी मद से अमर शहीद मेजर भूपेन्द्र कण्डारी की मूर्ति स्थापित करने की घोषणा करते हुए इसके लिए उपयुक्त स्थान चिह्नित कर निर्माण का भरोसा दिलाया।

शहीद के पिता गजेंद्र सिंह कंडारी ने बताया कि शहीद मेजर कण्डारी राजपूताना राइफल्स में थे और वर्ष 2003 में राजौरी में आंतवादियों से एक मुठभेड़ के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। शहीद को भारत सरकार द्वारा मरणोपरंत सेना मेडल से सम्मानित किया गया।

## एमआर उन्मूलन को चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान, जुलाई से सितंबर तक चलाया जाएगा अभियान

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में आयोजित मिजिल्स–रूबेला उन्मूलन अभियान की जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में अभियान को सफल बनाने को लेकर आगामी जुलाई माह से शुरू होने वाले विशेष टीकाकरण अभियान में निर्माण साइट पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में विकास भवन में आयोजित बैठक में राज्य सर्विलांस अधिकारी डॉ विकास शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 2026 तक एमआर उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है, जिसके क्रम में लक्षित आयु वर्ग का शत प्रतिशत टीकाकरण करने के लिए आगामी जुलाई, अगस्त व सितंबर माह में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाना है। अभियान के दौरान पांच वर्ष तक के ऐसे बच्चे जिनको एमआर का टीका नहीं लगा हो उन्हे एमआर के टीके लगाए जाएंगे।


सीडीओ बैठक लेते हुए।

मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिह रावत ने शिक्षा, बाल विकास, पंचायतीराज व श्रम विभाग को अभियान की सफलता के लिए मजबूत समन्वय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को श्रम विभाग से समन्वय स्थापित कर रेलवे, सड़क, भवन निर्माण साइटों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश ने शिक्षा व आंगनाबाड़ी विभाग से पांच वर्ष तक के बच्चों में बुखार के साथ दाने निकलने की शिकायत पर संबंधित मामले को रिपोर्ट करने, पंचायती राज विभाग से पांच वर्ष तक के बच्चों में एमआर टीकाकरण अभियान के बारे में प्रचार–प्रसार करने की अपील की। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को दो सप्ताह में एमआर टीकाकरण सर्वे करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सीमा टेकचंदानी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ खुशपाल, डीसीएम आशा हेमलता, डीईओ प्रतिरक्षण यशवंत सिंह, बीपीएम मुदित मैठाणी, अमित मैठाणी, बीसीएम जगजीत, रचना भट्ट, दिगंबर आदि मौजूद रहे।

30 June 2025_Copy of Layout 1 6/30/2025 3:26 PM Page 5



# जिला प्रशासन अलर्ट मोड में पर, सभी विभागों के अधिकारियों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) नैनीताल वंदना ने जिले में हो रही बारिश एवं मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर सभी विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश देते हुए, किसी भी प्रकार की आपदा की घटना होने पर तत्काल (रिस्पॉन्स समय कमसे कम) आपदा प्रभावित घटना स्थल पर पंहुच कर राहत एवं बचाव कार्य कराने के निर्देश दिए हैं।



जिलाधिकारी ने सभी सड़क निर्माण ऐंजेसियों को निर्देश दिए कि सड़क मार्ग बंद होने पर तत्काल उसे खोलते हुए आवागमन को सुचारु किया जाए, इस हेतु जेसीबी ऑपरेटर सभी सवेदनशील स्थल पर तैनात रहें। जिलाधिकारी ने जिले के सभी नदियों, नालों अंतर्गत भी नजर बनाए रखते हुए विशेष सावधानी बरतने व किसी भी प्रकार की घटना, जल भराव आदि की स्थिति पर तत्काल प्रभावी कार्यवाई करते हुए इनमें जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर होने पर निकटस्थ निवास कर रहे स्थानीय लोगों को सूचित करते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्र में तैनात राजस्व एवं ग्रामय विकास विभाग के अधिकारीयों व कर्मचारियों को क्षेत्र में रहते हुए किसी भी प्रकार की घटना होने पर '24'7 संचालित जिला आपदा परिचालन केन्द्र के दूरभाष 05942–231178, 79,81 एवं मोबाइल नंबर 8433092458 एवं टॉल फ्री नंबर 1077 पर' संपर्क कर सूचना देते हुए तत्काल मौके पर पहुंच पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने 'जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून काल में वह अपना मोबाइल बंद नहीं रखेंगे और किसी भी प्रकार की आपदा की घटना पर तत्काल रिस्पॉन्स करेंगे।'साथ ही जिलाधिकारी ने आम जनता से भी अपील की है कि वह मौसम की चेतावनी के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतें, पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक वर्षा होने पर आवागमन से बचौ और सुरक्षित रहें। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में तथा सुबह से हो रही बारिश के दृष्टिगत जिले के सभी तहसील क्षेत्रों में सम्बंधित उप जिलाधिकारियें द्वारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत सभी संवेदनशील स्थलों का निरिक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलिक द्वारा सुबह खूपी गांव का निरीक्षण कर गांव का जायजा लिया और लोगों से मिले, वर्तमान तक गॉव की परिस्थितियां सामान्य है। इसके अतिरिक्त उन्होंने नैनीताल नगर अंतर्गत संवेदनशील क्षेत्र, चारटन लॉज, कृष्णापुर, बलिया नाला आदि क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया।उन्होंने भीमताल, रामगढ़ क्षेत्र अंतर्गत भी सभी राजस्व निरीक्षकों को एवं राजस्व निरीक्षकों से दूरभाष पर वार्ता कर क्षेत्र की जानकारी ली, और सभी को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए।

## सांसद अजय भट्ट ने गुलदार से सुरक्षा के दिए अधिकारियों को निर्देश

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने रानीबाग बायपास के पास रानीबाग चुंगी पर निवासी सरस्वती तिवारी पर गुलदार ने किया। हमले का प्रयास किए जाने का मामला तत्काल संज्ञान में लिया है। इसके पश्चात अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित करते हुए वन विभाग को गश्त बढ़ाए जाने और पिंजरा लगाने के निर्देश दिए हैं। जैसे ही सांसद अजय भट्ट को जानकारी मिली कि रानी बाग चुंगी क्षेत्र में गुलदार द्वारा घर के आगे खड़ी महिला सरस्वती तिवारी पर गुलदार द्वारा हमले का प्रयास किया गया है तो भट्ट ने तत्काल कमिश्नर दीपक रावत और डीएफओ चंद्रशेखर जोशी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा से क्षेत्र में वन विभाग की गश्त बढ़ाते हुए पिंजरा लगाने के निर्देश दिए हैं। भट्ट ने बताया कि ग्रामीणों ने जानकारी दी है कि इससे पहले भी क्षेत्र में गुलदार की हरकत देखी गई है।

## सोमवार को जिले के विभिन्न स्थानों में मानसून पूर्व तैयारी को लेकर किया जाएगा मॉक अभ्यास

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मानसून के दौरान बाढ़ प्रभावित अति संवेनदशील क्षेत्रों में आपदा से निपटने एवं पूर्व तैयारी के मद्देनजर राज्य के पांच जिलों में यह मॉक ड्रिल की जा रही है। 'मॉक ड्रिल सोमवार 30 जून को प्रातः राज्य के पांच जिलों, नैनीताल, चंपावत, उधम सिंह नगर हरिद्वार और देहरादून में आयोजित की जा रही है।'

जिले में आयोजित होने जा रही उक्त मॉकड्रिल के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए अपर जिला अधिकारी प्रशासन विवेक राय ने अवगत कराया कि 'जिले के तहसील हल्द्वानी अंतर्गत देवखड़ी नाला में अतिवृष्टि से सूखे नाले में अचानक जल स्तर व पानी का वेग बढ़ने से उत्पन्न की स्थिति, चोरगलिया अन्तर्गत सूर्यानाला में भारी बारिश के दौरान नंधौर जलागम क्षेत्रान्तर्गत अचानक जल स्तर व पानी का वेग बढ़ने, रेलवे क्रांसिग के पास का क्षेत्र, लालकुआं में बारिश के चलते सार्वजनिक स्थान बाजार में जल भराव की स्थिति, रामनगर स्थित वन क्षेत्र से लगा पम्मापुरी क्षेत्र में पहाड़ी क्षेत्रों में अतिवृष्टि से रिहायशी क्षेत्रों से लगे नाले में जलस्तर व पानी वेग तीव्र होने से निकटवर्ती आवासों को खतरा, तथा रामनगर स्थित ग्राम चुकम में पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश से कोसी नदी में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने से नदी के किनारे चुकम गांव में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है, इन स्थानों में मॉक ड्रिल के माध्यम से राहत एवं बचाव कार्यों को कराया जाएगी'।

## राष्ट्रीय राजमार्ग ऋषिकेश -बद्रीनाथ और कर्णप्रयाग - ग्वालदम पर जगह - जगह मलवा पत्थर आने से लोगों की आवाजाही प्रभावित

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनपद चमोली के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया। शहरी क्षेत्रों में जहां एन एच की सड़क चौड़ीकरण के कारण सड़क का पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से बाजारों में दुकानों में घुस कर व्यापारियों के सामान को क्षति पहुंचा रहा है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग ऋषिकेश – बद्रीनाथ और कर्णप्रयाग – ग्वालदम पर जगह – जगह मलवा पत्थर आने से लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में भी कई सम्पर्क मोटर मार्ग अवरुद्ध हो रखें है। पोखरी क्षेत्र की सभी सड़को पर मलवा आने से यातायात प्रभावित हो गया है। क्षेत्र



की सात सड़के बंद हो गयी थी, जिसमें से लोनिवि ने दो सडके पोखरी – सरणाचांई – त्रिशुला और पोखरी – गोपेश्वर मोटर मार्ग यातायात के लिये खोल दिया है। बाकी पोखरी – कर्णप्रयाग बिनगढ़ में बन्द, विशालखाल – आली सड़क बन्द, उडामांडा – रौता सड़क जगह – मलवा आने से बन्द, कनक चौरी – रौता सड़क बन्द हो रखी है। इसी तरह थराली, गैरसैंण, जोशीमठ व कर्णप्रयाग के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पैदल व सम्पर्क मोटर मार्गो पर मलवा पत्थर आने से लोगों यातायात कराने में वाहन चालक जान हथेली में रखकर सफर कराने को मजबूर हैं।

## लगातार हो रही भारी बारिश से नगरपालिका क्षेत्र गौचर में नागरिकों का जीवन अस्त-व्यस्त

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लगातार हो रही बारिश से गौचर में लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। हवाई पट्टी और उड्डयन विभाग की उपेक्षापूर्ण रवैया के चलते इन विभागों द्वारा पानी के निकासी की व्यवस्था नहीं होने से जहां बाजार में दुकानों में पानी घुसने से व्यापारियों का सामान बर्बाद हो रहा है वहीं हवाई पट्टी में पानी की निकासी व्यवस्था नहीं होने से लोगों के घरों में बरसाती पानी घुसने से घर का सामान भी बर्बाद हो रहा है। कल रात को इस बरसाती पानी से भवन स्वामी अनिल कंडारी,, जगमोहन सिंह मल्ल, पुष्कर



सिंह सगोई, सुबेदार कुशाल सिंह नेगी, आशीष नेगी, कुसुम देवी, दीपक वर्तवाल, बीसा बिष्ट कुसुम देवी के घरों को नुक्सान पहुंचा है। पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी ने नुकसान का जायजा लेने के लिए आज प्रातः 8 बजे अपने जेई राजीव चौहान को मौके पर भेज दिया था। वहीं दूसरी ओर पालिका के वार्ड नं 1 पनाई मल्ली के सभासद गौरव कपूर ने कहा कि मेरे वार्ड में पेड़ के गिरने से विजय कोहली की छत को नुक्सान पहुंचा है तथा ओम प्रकाश की गोशाला बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

गौचरवासी पिछले सालों से एन एच आई डी सी एल व उड्डयन विभाग सहित जिला प्रशासन , स्थानीय प्रशासन से कई बार इन दो विभागों के कारण हो रही असुविधा के बारे में उचित कार्रवाई कर पानी की निकासी व्यवस्था को ठीक करने बाबत अवगत करा चुके हैं लेकिन हर बार इस आश्वासन के कि जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी ने कहा कि बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया था। जिलाधिकारी द्वारा भी संबंधित विभागों से निकासी की व्यवस्था करने हेतु निर्धारित किया गया। लेकिन अभी समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश लिंगवाल ने कहा कि एनएचआडीसीएल और उड्डयन विभाग की उपेक्षात्मक रवैया के कारण गौचरवासियों को थोड़ी सी भी बारिश आने पर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस संबंध में संबंधित विभागों सहित प्रशासन को भी व्यापार मंडल गौचर द्वारा की बार अवगत कराया जा चुका है।

# सर्च अभियान में एक शव बरामद, आठ अभी भी लापता, अलकनंदा के मटमैले पानी में लापता लोगों की खोज

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बद्रीनाथ हाईवे के घोलतीर में हुए टेम्पो ट्रेवलर हादसे में अलकनंदा नदी से एक शव बरामद किया गया। अब लापता यात्रियों की संख्या आठ हो गई है, जबकि आठ घायलों का इलाज चल रहा है। वाहन में चालक सहित बीस लोग सवार थे।

बीते बृहस्पतिवार को बद्रीनाथ हाईवे के घोलतीर में मिनी बस हादसा हो गया। मिनी बस राजमार्ग से गिरकर अलकनंदा नदी में समा गई। घटना के पहले दिन जहां दो शव घटना स्थल में मिले तो सायं के समय एक शव धारी देवी मंदिर के पास मिला। ऐसे में पहले दिन तीन लोगों के शव बरामद हो पाए। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में पुलिस, एसडीआरएफ, फायर सर्विस, डीडीआरएएफ, जल पुलिस के जवानों ने अलकनंदा नदी किनारे सघन खोजबीन अभियान चलाया। सर्च एंड रेस्क्यू के दौरान एक शव



सर्चिंग अभियान चलाते हुए।

बरामद हुआ है, जबकि अभी भी आठ शवों की तलाश की जा रही है।

नौ लापता लोगों की खोजबीन के लिए सभी जवानों के संयुक्त सहयोग से घटनास्थल घोलतीर के साथ ही जनपद रुद्रप्रयाग के साथ ही श्रीनगर तक अनेक जगहों पर सर्चिंग की गई। अलग–अलग संभावित स्थानों पर डीप डाइविंग और राफ्ट की मदद से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। खोजबीन के दौरान रेस्क्यू टीमों को रतूड़ा क्षेत्र में नदी किनारे एक शव बरामद हुआ। शव को जवानों द्वारा सड़क तक लाया गया, जहां से शव वाहन की मदद से जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान मिले शव की पहचान संजय सोनी, निवासी उदयपुर, शास्त्री सर्किल राजस्थान उम्र उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई। शव का पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। एसपी ने बताया कि अब आठ लापता शवों की लगातार खोजबीन की जा रही है। वहीं, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनएस रजवार ने बताया कि सभी टीमों की मदद से अलकनंदा नदी के सभी संभावित किनारों पर खोजबीन की जा रही है।

अभियान लगातार जारी रहेगा। निचले इलाकों को बीते दिन ही सूचना दे दी गई थी कि घोलतीर में बस दुर्घटना हुई है, जिसमें लापता लोगों के पानी में बहकर नीचे आने की संभावना हो सकती है। इसलिए निगरानी रखें। इधर, दुर्घटनास्थल से लेकर श्रीनगर तक के क्षेत्र में विभिन्न प्वाइन्टों पर वॉचरों की नियुक्ति के साथ ही अलकनन्दा नदी में बोट व सोनार की मदद से ढूंढ–खोज का काम जारी है।

## मानसून सीजन को लेकर यात्रा में बरतें सतर्कता

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने केदारनाथ यात्रा पर आ रहे समस्त श्रद्धालुओं से निवेदन किया कि मानसून सीजन को देखते हुए अत्यंत सतर्कता एवं सावधानी के साथ यात्रा करें। उन्होंने कहा कि पर्वतीय मार्गों पर फिसलन, भूस्खलन और पत्थर गिरने की संभावना बनी रहती है। अतः सभी यात्री प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी की जा रही एडवाइजरी का पालन करें। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से सभी यात्रियों से अपील की कि वे अपने वाहनों की गति धीमी रखें और किसी भी स्थिति में लापरवाही न बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी वाहन चालकों को पर्याप्त विश्राम के उपरांत ही यात्रा आगे बढ़ानी चाहिए, जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं न्यूनतम की जा सकें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए है कि संवेदनशील स्थलों पर क्रश बैरियर्स, चेतावनी बोर्ड, पैराफिट्स, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा कर्मियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता न हो।

## बार्ट्रोनिक्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 में 40.72 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बार्टीनिक्स इंडिया लिमिटेड एक प्रमुख फिन–टेक समाधान प्रदाता है, जो उन्नत तकनीकी सेवाएं प्रदान कर व्यवसायों को डिजिटल रूप से सशक्त बना रहा है और तेजी से विकास की दिशा में अग्रसर है।

31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही (वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही) में कंपनी ने 916.73 लाख रुपए का कुल राजस्व अर्जित किया, जो पिछली तिमाही (वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही) के 876.93 लाख रुपए की तुलना में अधिक है। वहीं, कर पूर्व लाभ (च्ठज) वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 32.50 लाख रुपए के नुकसान से सुधरकर वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 140.24 लाख रुपए के लाभ में बदल गया। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के लिए कंपनी की कुल व्यापक आय 114.45 लाख रुपए रही। 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने कुल राजस्व 4072.86 लाख रुपए (वित्त वर्ष 25) दर्ज किया।

वित्त वर्ष 25 में कंपनी की कुल व्यापक आय 174.52 लाख रुपए रही, जो वित्त वर्ष 24 की 109.66 लाख रुपए की तुलना में साल दर साल वृद्धि दर्शाती है। पहले, भारत के कीमती धातु बाजार में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, बार्टीनिक्स इंडिया लिमिटेड ने ऑगमोंट गोल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ पांच वर्षीय साझेदारी की है, जिसका उद्देश्य देशभर में सोने और चांदी की उपलब्धता और वितरण को बेहतर बनाना है।

## पीसीएस परीक्षा के लिए युवाओं ने जान जोखिम में डालकर पार किया गदेरा

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले में बांगर पट्टी के दो दर्जन गांवों को जोड़ने वाले मयाली रणधार–मोटरमार्ग पर स्थित मोटरपुल बरसाती गदेरे में बह गया है। जिस कारण हजारों की आबादी घरों में ही कैद हो गई है। ग्रामीणों के सामने तमाम प्रकार की समस्याएं पैदा हो गई है।

यहां स्थिति इतनी विकराल हो गई कि पीसीएस प्री परीक्षा देने जा रहे युवाओं को गदेरा पार करने के लिए अपनी जान को हथेली पर रखना पड़ा। वहीं ग्रामीणों ने युवाओं के उफनते गदेरे को पार करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बता दें कि भारी बारिश के बीच पीसीएस प्री परीक्षा देने जाते युवाओं का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। विकासखंड जखोली में कुणगाड़



परीक्षार्थी कुछ इस प्रकार से पार कर रहे गदेरे को।

गदेरा उफान पर आने से पोंठी–मुनियाघर के बीच बना मोटर पुल ध्वस्त हो गया है, जिससे बांगर पट्टी के करीब दो दर्जन गांवों का संपर्क टूट गया है। जबकि जखवाड़ी तल्ली थापला समेत कई गांवों में भूधंसाव की सूचना मिल रही है, यहां आवासीय भवनों को खतरा बना हुआ है। जखोली में कुणगाड़ गदेरा उफान पर आने से ग्रामीणों को जान हथेली पर रखकर सफर करना पड़ रहा है। राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा देने जा रहे युवाओं को गदेरा पार करने के लिए मौत को गले लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। युवाओं का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बसुकेदार क्षेत्र के क्यार्क–बरसूड़ी मोटरमार्ग पर वड़ना गांव के नजदीक सड़क का एक बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया है।

# गेस्ट हाउस की आड़ में चल रहे जिस्मफरोसी के धंधे का दून पुलिस ने किया भंडाफोड़

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गेस्ट हाउस की आड़ में चल रहे जिस्मफरोसी के धंधे का दून पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। एसएसपी देहरादून अजय सिंह को मिली गोपनीय सूचना पर पुलिस टीम ने की गेस्ट हाउस में आकस्मिक छापेमारी की। गेस्ट हाउस में अनैतिक देह व्यापार करवा रहे मैनेजर सहित 06 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया। संचालक द्वारा गेस्ट हाउस को लीज पर लेकर अनैतिक देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा था।

मौके से पुलिस को नगदी तथा आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई।



पकड़े गए आरोपी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून को गोपनीय माध्यमों से राजा रोड स्थित आशियाना गेस्ट हाउस में संचालक द्वारा महिलाओं, युवतियों को बुलाकर अनैतिक देह व्यापार करवाये जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर एसएसपी देहरादून द्वारा प्रभारी एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट देहरादून को

### मैनेजर सहित 06 आरोपियों को मौके से किया गिरफ्तार

तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिस पर एएचटीयू तथा कोतवाली नगर की संयुक्त टीम द्वारा राजा रोड स्थित आशियाना गेस्ट हाउस में औचक छापेमारी की कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को गेस्ट हाउस के अलग–अलग कमरों में 02 पुरुष तथा 03 महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में मिली, जिनके पास से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। मौके से पुलिस टीम द्वारा होटल के मैनेजर सहित सभी 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध थाना कोतवाली में मामला पंजीकृत किया गया है। पूछताछ में होटल के मैनेजर द्वारा बताया गया कि गेस्ट हाउस को नरेंद्र सिंह रावत निवासी चमोली द्वारा लीज पर लिया गया है। गेस्ट हाउस में बाहरी राज्यों की रहने वाली उनकी परिचित महिलाओं द्वारा अनैतिक देह व्यापार किया जाता है। उनके द्वारा ग्राहकों से फोन पर संपर्क कर उन्हें महिला, युवती की जानकारी देकर गेस्ट हाउस में बुलाया जाता है तथा उनसे कमीशन लेकर उन्हें महिलाओं, युवतियों के पास भेजा जाता है।

# डीएम की दो टूकः युद्धस्तर पर करना ही है पेयजल शिकायतों का निस्तारण, यह जान लें अधिकारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री के सुशासन एवं जनसेवा संकल्प के तहत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन सर्तकता और सक्रियता से युद्वस्तर पर समस्या का निदान करने में जुटा है। विगत 14 अप्रैल से लेकर 17 जून तक कंट्रोल रूम को पेयजल की 192 शिकायतें मिली है, जिसमें से 182 शिकायतों का समाधान कर लिया गया है।



जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने पेयजल से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के सीजन में भी हर घर तक शुद्व पानी की सप्लाई निर्बाध रूप से जारी रहे। जनमन की समस्या प्रशासन की समस्या है। इसमें कोई लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सभी जल स्रोत और टैंकों का नियमित क्लोरीनेशन के साथ पानी की गुणवत्ता को मेंटेन किया जाए। पानी की शिकायत मिलते ही उसी दिवस को उसका समाधान कर लिया जाए। डीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर घर तक शुद्व पेयजल की प्रतिदिन निबार्ध आपूर्ति सुनिश्चित करना ही है। बजट की कोई कमी नही है। कहीं पर फंड की विशेष आवश्यकता है तो इसकी डिमांड उपलब्ध करें। जिलाधिकारी ने पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में जिले स्तर पर समिति गठित की गई है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की मॉनिटरिंग में लगी है। डीएम के निर्देश पर पेयजल सप्लाई से जुड़े 07 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से 24ग7 जिला कंट्रोल रूम में तैनात किए गए है। देहरादून के राजपुर, सपेरा बस्ती, शहंशाही, जाखन, कैनाल रोड, बारीघाट, दून विहार, मालसी, गुनियाल गांव के आसपास के क्षेत्र पेयजल की समस्या पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि 23 जून को बरसात के कारण शिखर फाल में इंटेक चौबर के समीप भारी मलबा आने से पानी की आपूर्ति बाधित हो गई थी। इंटक चौंबर से मलबा सफाई कर 24 जून को पेयजल सप्लाई सुचारू कर दी गई है।

राजीव नगर में पेयजल की समस्या पर बताया कि राजीव नगर डांडा–1 नलकूप से राजीव नगर की एसी पाइप लाइन जर्जर स्थिति में है, जिससे पर्याप्त दबाव से जलापूर्ति संभव नही है। एसी पाइप लाइन को एमएसईआरडब्लू पाइप लाइन से बदलने के लिए आगणन तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जिससे इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। डीएल रोड में पेयजल की समस्या पर बताया कि 26 जून को नलकूप की मोटर खराब होने के कारण आर्यनगर, डीएल रोड, सेवक आश्रम रोड क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित हुई थी। मोटर को ठीक कर पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

## डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं संपन्न, 30 जून से चतुर्थ सेमेस्टर प्रारंभ'

**चमोली।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली गौचर में डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं संपन्न हो गई हैं स उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर नैनीताल द्वारा आयोजित परीक्षा 20 जून से प्रारंभ होकर 28 जून तक को संपन्न हुई। अब आज 30 जून से डीएलएड प्रशिक्षुओं का चतुर्थ सेमेस्टर प्रारंभ हो जाएगा जिसमें प्रशिक्षु जनपद के विभिन्न विद्यालयों में 110 कार्य दिवस का अनुभवात्मक शिक्षणकार्य करेंगे जिसका प्रशिक्षुओं के द्वारा अभिलेखीकरण किया जाना है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 40 प्रशिक्षु अध्यापकों को अनुभवात्मक शिक्षण के लिए विद्यालय आवंटित कर दिए गए हैं 30 जून से 3 जुलाई तक होने वाले अभिमुखीकरण कार्यक्रम के बाद 4 जुलाई से प्रशिक्षु अध्यापक आवंटित विद्यालयों में अनुभवात्मक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।



## रोजमर्रा की डाइट में चार सुपरफूड्स शामिल कर कोलेस्ट्रॉल को रखा जा सकता है काबू में

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों जैसे दिल की बीमारी और हाई ब्लड प्रेशर से बचाव के लिए कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए संतुलित खानपान अहम भूमिका निभाता है। रोजमर्रा की डाइट में बादाम, ओट्स, साबुत अनाज, फल और सब्जियां शामिल कर कोलेस्ट्रॉल को काबू में रखा जा सकता है। इसके साथ ही नियमित व्यायाम भी जरूरी है। इस लेख में जानिए चार ऐसे खास फूड्स, जिन्हें डाइट में शामिल कर आप कोलेस्ट्रॉल को स्वस्थ स्तर पर बनाए रख सकते हैं।

बादामरू बादाम पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमें प्रोटीन, मैग्नीशियम, कैल्शियम और जिंक समेत 15 जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। रोजाना बादाम खाने से टोटल कोलेस्ट्रॉल और एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही, ये शरीर में सूजन को घटाते हैं, जो दिल की बीमारी का बड़ा कारण बन सकती है। एक मुट्ठी बादाम न केवल एचडीएल यानी गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है, बल्कि पेट की चर्बी और कमर की चौड़ाई घटाने में भी मददगार है। आप बादाम को सलाद, मिठाइयों या स्मूदी में मिलाकर डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। साबुत अनाज और ओट्सरू साबुत अनाज को अपनी डाइट में शामिल करने से ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है, दिल की बीमारियों का खतरा घटता है, वजन नियंत्रण में रहता है और बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम होता है।

## दून में अर्बनटेसिया के शोरूम का मंत्री गणेश जोशी ने किया उद्घाटन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दून में रविवार को अर्बनटेसिया के भव्य शोरूम का उद्घाटन किया। इस शोरूम का उद्घाटन उत्तराखण्ड में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किया। शोरूम होमडेकोर का प्रीमियम डेस्टिनेशन जो लग्जरी फर्नीचर और इंटीरियर डिजाइन के क्षेत्र में शहरी भारत के जीवनस्तर को एक नई ऊंचाई देने जा रहा है। शोरूम दुकान संख्या 3, म्युनिसिपल 19, सुभाष रोड, देहरादून में खोला गया है।



शोरूम का उद्घाटन करते मंत्री जोशी।

शोरूम के बारे में जानकारी देते हुए शोरूम के स्वामी देवांशु गोयल एवं पार्टनर सुहैल राणा, साजिद खान ने बताया कि अर्बनटेसिया ने ग्लोबल सॉफिस्टिकेशन और भारतीय कारीगरी के मेल को प्रस्तुत किया। जहाँ कस्टमाइज्ड फर्नीचर, मॉड्यूलर सेटअप, एम्बिएंट लाइटिंग, और क्लासिक डेकोर एलिमेंट्स एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। एडिटोरियल–ग्रेड फिनिश और इमर्सिव इन–स्टोर एक्सपीरियंस के साथ, यह स्टोर प्रीमियम होम डिजाइन की परिभाषा को एक नया आयाम देता है। उन्होंने कहा कि शोरूम नहीं है यह एक डिजाइन मूवमेंट है। अर्बनटेसिया वह जगह है जहाँ आकार आत्मा से मिलता है। यहाँ का हर एलिमेंट व लेआउट से लेकर मटीरियल तक घर को कला का रूप देने के लिए डिजाइन किया गया है। शोरूम का उद्घाटन करते हुए मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देहरादून एक आधुनिक जीवनशैली और प्रीमियम लिविंग का नया केंद्र बनता जा रहा है। अर्बनटेसिया ने केवल इंटीरियर डिजाइन के मानकों को ऊँचा उठाएगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स के लिए नए अवसर भी सृजित करेगा।

# सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल में आईपीएससी अंडर-17 गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल, देहरादून में 28 जून से ऑल इंडिया प्चै अंडर–17 गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट द 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. दिलीप कुमार पांडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।

स्वागत भाषण विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री हैमिश द्वारा दिया गया। खिलाड़ियों की ओर से विद्या देवी जिंदल स्कूल, हिसार की कप्तान तमन्ना ने ओजस्वी स्वर में शपथ ग्रहण कर खेल भावना का संकल्प दिलाया। यह टूर्नामेंट, केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि देश भर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के बीच मैत्री, नेतृत्व और उत्कृष्टता का उत्सव है।

इस आयोजन में मेयो गर्ल्स कॉलेज (अजमेर), विद्या देवी जिंदल स्कूल (हिसार), बिड़ला बालिका विद्यापीठ (पिलानी), कित्तूर सैनिक स्कूल (कर्नाटक) तथा पीजीएस सहित देश के शीर्ष विद्यालयों से 80 से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### बिड़ला बालिका विद्यापीठ ने पहले मुकाबले में कित्तूर सैनिक स्कूल को 12-0 से हराया

प्रथम मुकाबले में बिड़ला बालिका विद्यापीठ, पिलानी ने अद्भुत खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कित्तूर सैनिक स्कूल, कर्नाटक को 12–0 से पराजित किया। इस मैच की सितारा खिलाड़ी रहीं तनिष्का (बीबीवीपी), जिन्होंने 4 गोल कर अपनी टीम को शानदार बढ़त दिलाई। सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. दिलीप कुमार पांडा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, आत्म–अनुशासन और नेतृत्व की पाठशाला है। इस मैदान पर उतरने वाली हर खिलाड़ी देश का उज्ज्वल भविष्य है। इसके साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट को विधिवत "ओपन" घोषित किया।

# शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय एक ही स्थान पर हों निर्मित: महासंघ

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कार्मिक–शिक्षक (शिक्षा विभाग) महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष विक्रम सिंह झिंक्वाण के नेतृत्व में नवनियुक्त जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान महासंघ ने जिलाधिकारी के सम्मुख जनपद में शिक्षा अधिकारियों के जनपद स्तरीय कार्यालय एक ही स्थान पर निर्मित कर संचालित करने का निवेदन किया।



महासंघ के पदाधिकारी।

उन्होंने कहा कि ज मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय एक छोर व जिला शिक्षा अधिकारी (प्राशि) और परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा का कार्यकाल कोटेश्वर रोड़ पर दूसरे छोर पर है, जिससे जिला स्तरीय कार्यालय संबंधित कार्यों के लिए कार्मिक–शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और जनता का समय व धन की बर्बादी व अनेकों समस्याओं के लिए दो–चार होना पड़ता है। जन सुविधाओं को देखते हुए सभी कार्यालयों को एक स्थान पर जहां मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थित है, उसी परिसर में उपलब्ध स्थान पर योजनागत तरीके से निर्माण कर संचालित किया जा सकता है। जिस पर जिलाधिकारी ने महासंघ को उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। साथ ही महासंघ ने डीएम के माध्यम से शिक्षा मंत्री से क्लस्टर विद्यालयों के गठन के साथ उसके इर्द–गिर्द संचालित किसी भी विद्यालय को मर्ज करने का पुरजोर विरोध का ज्ञापन भेजा। महासंघ ने स्पष्ट किया कि शिक्षा के प्रसार व सबके लिए शिक्षा का अधिकार के तहत मानकानुसार

### कार्मिक-शिक्षक (शिक्षा विभाग) महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से की मुलाकात

विद्यालयों को खोला गया है। आज घटती हुई छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों को मर्ज कर बंद न किया जाए।

क्लस्टर विद्यालयों के नाम पर अन्य विद्यालयों को बंद करने का महासंघ पुरजोर विरोध करता है। जनपद में महासंघ शिक्षा व शिक्षार्थी और शिक्षक हितों के लिए जनपद में लगातार पैरवी करता रहेगा। महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य शिक्षा अधिकारी से भी भेंटवार्ता कर अनेक समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रतिनिधि मंडल में शिव सिंह पंवार, शुकदेव सिंह रावत, आलोक रौथाण, महेंद्र चौहान, बीरेंद्र बर्तवाल, विजेन्द्र भट्ट और यशवंत भंडारी उपस्थिति थे।

## कांग्रेस ने कुछ विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी बदले

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन प्रशासन सूर्यकान्त धस्माना ने बताया कि पंचायत चुनावों को मद्देनजर रखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर विधानसभावार प्रभारियों की नियुक्ति की थी। विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश का प्रभारी प्रवीन त्यागी टीटू, विधानसभा क्षेत्र गंगोत्री का प्रभारी घनानन्द नौटियाल, गंगोलीहाट विधानसभा का प्रभारी सुनील भण्डारी, कपकोट विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी मुकेश पन्त तथा पिथौरागढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी प्रदीप पाल को नियुक्त गया है। धस्माना ने सभी प्रभारीगणों से अपेक्षा की है कि अपने–अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागणों से समन्वय स्थापित कर रिर्पोट प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय को प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है।

## सीईओ बोली, आयुष्मान लाभार्थियों से उपचार के नाम पर वसूली किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थी से अवैध रूप से धनवसूली के आरोप में राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने हरिद्वार जनपद के एक निजी अस्पताल पर एक्शन लिया है। कार्रवाई के प्रथम चरण में आरोपों पर अपना पक्ष रखने को लेकर संबंधित अस्पताल को नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि कुछ दिवस पूर्व राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से प्रदेश के सभी सूचीबद्ध अस्पतालों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना व राज्य सरकार उत्तराखंड योजना के उपचार में लाभार्थियों से इलाज के नाम पर अनाधिकृत रूप से किसी भी तरह की धन वसूली पर सख्त कार्रवाई का नोटिस जारी किया गया था। प्राधिकरण की टीमों द्वारा अवैध गतिविधियों पर निगरानी को औचक निरीक्षण की कार्रवाई भी किया जा रही है।

इसी क्रम में हरिद्वार निवासी माधौराम त्यागी ने राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर का उपयोग करते हुए में कॉल सेंटर में शिकायत की कि, विनय हॉस्पिटल हेल्थकेयर प्रा.लि. रूड़की हरिद्वार में उपचार के एवज में उनसे धनराशि ली गई है। आरोप पर एक्शन लेते हुए प्राधिकरण ने तत्काल प्रभाव से संबंधित अस्पताल को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने तथा इस तरह की हरकतों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## बद्रीनाथ हाईवे से खाई में गिरा व्यक्ति, मौके पर मौत

**रुद्रप्रयाग।** बद्रीनाथ हाईवे के रुद्रप्रयाग स्थित पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति राजमार्ग से खाई में जा गिरा। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने खाई में उतरकर व्यक्ति का रेस्क्यू किया, लेकिन तब तक व्यक्ति की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह लम्बे समय से रुद्रप्रयाग नगर क्षेत्र में भीख मांगकर गुजर बसर कर रहा था। रुद्रप्रयाग मुख्यालय स्थित पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर गौचर की ओर जा रहा उमाकांत सेमवाल उर्फ उमा पुत्र स्वर्गीय सदानंद सेमवाल ग्राम चामक–दुर्गाधार राजमार्ग से नीचे गहरी खाई में जा गिरा। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे।

## न्यूज डायरी

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक बड़ी वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा: सीएम धामी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मसूरी रोड स्थित एक होटल में एक समाचार पत्र द्वारा आयोजित संवादी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक बड़ी वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है। इस दौरान देश में लगभग 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्य तेजी से हुए हैं। दिल्ली–देहरादून एलिवेटेड रोड बनने के बाद दिल्ली से देहरादून की यात्रा ढाई घण्टे में पूर्ण हो जायेगी। ऑल वेदर रोड के काम तेजी से हुए हैं। राज्य के सीमांत क्षेत्रों तक सड़कों का विस्तार हुआ है। अब राज्य में रिवर्स पलायन हो रहा है। तीर्थाटन और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में अनेक कार्य हुए हैं। उत्तराखण्ड निवेशकों का पंसंदीदा राज्य बना है।

## नंदप्रयाग के थिरपाक गांव में बरसाती नाले में मचाया कहर

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मूसलाधार बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नंदप्रयाग के थिरपाक गांव के बगल से बहने वाले बरसाती नाले ने तोड़फोड़ मचा दी है। इस नाले का पानी और मलवा घरों के अंदर तक घुस गया।



बरसाती नाले से आया मलबा।

रात्रि में हुए इस अतिवृष्टि में घरों में बने शौचालय के बहने की खबर भी सामने आ रही है। नाले के तेज बहाव ने 2 गोशाला भी इसकी चपेट में आए हैं, जिसमें मौजूद 1 बैल और 2 बकरी की मौत हो गई है। साथ ही ग्राम थिरपाक के गरीब लाल जी के 1 बैल और 2 बकरी मलवे की चपेट में आने से मौत के घाट उतर गए। मलवा पूरे खेतों में भर गया है, जिससे फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ग्राम थिरपाक के देवाशीष कुमार, सज्जन लाल मनोहर लाल रोशन कुमार, रघुलाल, गरीब लाल, जिनके मकान को अभी भारी खतरा बना हुआ है। नंदानगर में चुफलागाड़ उफान पर थी तो दूसरी तरफ नंदाकिनी नदी भी विकराल रूप में थी, रात को हुई भारी बारिश से और कितनी जगह नुकसान हुआ है इसकी अभी कोई खबर नहीं है।

## पेज 01 का शेष...

### मुख्यमंत्री ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि का लिया जायजा

सितम्बर माह तक जिन महिलाओं का डिलीवरी होनी है, उनका नियमित अपडेट रखा जाए। प्रसव पूर्व उन्हें अस्पतालों तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। जच्चा और बच्चा की सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रभावी कदम उठाये जाए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जिलाधिकारियों से विभिन्न जनपदों में हो रही बारिश, सड़कों की स्थिति एवं अन्य मूलभत सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश के कारण जो सड़के क्षतिग्रस्त हो रही हैं, उनको जल्द खुलवाने की व्यवस्था की जाए। संवेदनशील स्थानों पर जेसीबी और अन्य आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिन क्षेत्रों में नदी, नाले, गदेरे रास्ते बदल सकते हैं, ऐसे क्षेत्रों में आश्यकता पड़ने पर चौनलाइजेशन और अन्य प्रबंधन जो सुरक्षात्मक दृष्टि से हो सकते हैं, किये जाएं। इस अवसर पर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, विनोद कुमार सुमन, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंद स्वरूप, राजकुमार नेगी एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी जुड़े थे।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19